संपादकीय

# गरीबी पर बहस हो

ऐसी रिपोर्ट के साथ यह सवाल जुड़ा होता है कि इसे जारी करने का मकसद असल सूरत को सामने लाना है ताकि गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रगति हो सके- या अपनी सफलता का बखान करना?

पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक जारी किया था, जिसमें बताया गया कि इस पैमाने पर भारत में गरीबों की संख्या घटकर 16.4 रह गई है। सोमवार को नीति आयोग ने इसी पैमाने पर अपनी रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि भारत में 2019-21 में घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई है। दोनों रिपोर्टों में बताया गया कि उन्होंने अपनी गणना को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 को आधार बनाया गया है। तो आखिर यह अंतर कैसे आ गया? यह अंतर इसलिए आया कि नीति आयोग ने दो नए पैमाने जोड़े। उसने प्रसव के समय मातृ मृत्यु दर और बैंक खातों को भी गरीबी मापने का आधार बनाया। इसके अलावा रसोई गैस की उपलब्धता जैसे आधार का वजन बढ़ा दिया गया। उससे लगभग डेढ़ प्रतिशत का फर्क पड़ गया। यह अंतर ये भी बताता है कि गरीबी मापने में अगर कुछ भी हेरफेर कर दी जाए, तो संख्या में भारी फर्क पड़ सकता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान में गरीबी दर में सबसे तेज कमी देखी गई।

बहुआयामी गरीबी पैमाने पर भारत में 2015-16 में 24.85 प्रतिशत लोग गरीब थे, जो संख्या 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। यानी पांच साल में गरीबी 9.89 प्रतिशत घटी है। यह भी दावा किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत हो गई। लेकिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच असमानताएं बनी हुई हैं। शहरी क्षेत्रों में 5.27 प्रतिशत की तुलना में ग्रामीण आबादी का 19.28 प्रतिशत बहुआयामी रूप से गरीब है। बहरहाल, ऐसी रिपोर्ट के साथ यह सवाल जुड़ा होता है कि इसे जारी करने का मकसद असल सूरत को सामने लाना है ताकि गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रगति हो सके- या अपनी सफलता का बखान करना? खासकर यह सवाल इसलिए बरबस उठ जाता है, जब आंकड़ों से खिलवाड़ होता हुआ नजर आता है।

# विराट कोहली का 76वां शतक, भारत ने बनाए 438 रन



**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** विराट कोहली (121) के 76वें अंतरराष्ट्रीय शतक और रवींद्र जडेजा (61) एवं रविचंद्रन अश्विन (56) के अर्द्धशतकों की मदद से भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के की पहली पारी में शुक्रवार को 438 रन बनाये। टेस्ट क्रिकेट में 29वीं बार सैकड़ जडऩे वाले कोहली ने 206 गेंद पर 121 रन बनाये, जिसमें 11 चौके शामिल रहे। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक बनाने वाले बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर (100) से सिर्फ 24 शतक दूर हैं। कोहली (28) विदेशी सरज़मीन पर सर्वाधिक सैकड़े जडऩे के मामले में भी सचिन (29) को पछाडऩे की कगार पर हैं।

कोहली अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज़ भी बन गये। उन्होंने दूसरे दिन अपना स्कोर 87 रन से आगे बढ़ाते हुए ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया और दिन के चौथे ओवर में केमार रोच को चौका लगाकर हाथ खोले। उन्होंने कुछ देर बाद शैनन गैब्रियल की गेंद पर स्क्वेयर ड्राइव खेलकर चौके के साथ 180 गेंद में शतक पूरा किया।

कुछ देर बाद रवींद्र जडेजा ने भी 105 गेंद पर अपना पचासा पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा होने के बाद बेझिझक खेलना शुरू किया और जल्द ही जडेजा के साथ 150 रन की साझेदारी पूरी की। कोहली की लय को देखते हुए उन्हें आउट करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट ने उनकी पारी का अंत किया। कुछ देर बाद जडेजा भी विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच देकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने 152 गेंद पर 61 रन बनाये, जिसमें पांच चौके शामिल रहे।

सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान किशन ने तीन चौकों के साथ पारी का आगाज़ किया, हालांकि लंच के बाद उनकी रफ्तार धीमी पड़ गयी। किशन (25) 37 गेंदें खेलकर जेसन होल्डर का शिकार हो गये।

जयदेव उनाडकट (सात) और मोहम्मद सिराज (शून्य) रनों में बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन उनके साथ खड़े रहने के कारण अश्विन को टेस्ट क्रिकेट में 14वां अर्द्धशतक बनाने में मदद मिली। मुकेश कुमार के रूप में भारत के आखिरी बल्लेबाज के पिच पर उतरने के बाद अश्विन रोच को दो चौके लगाकर अपने अर्द्धशतक तक पहुंचे, हालांकि तीसरा चौका लगाने के बाद वह रोच का शिकार हुए। अश्विन ने 78 गेंदें खेलकर चार चौकों की मदद से 56 रन बनाये। विंडीज के लिये रोच और जोमेल वारिकन ने तीन-तीन विकेट लिये। होल्डर ने दो और गैब्रियल ने एक सफलता हासिल की।

# सस्ता होने वाला है टमाटर, सरकार ने जताई आस



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि महाराष्ट्र के नासिक, नारायणगांव, औरंगाबाद बेल्ट और मध्य प्रदेश में नई फसल की आवक बढऩे से टमाटर की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि टमाटर को शुरू में खुदरा मूल्य 90 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा गया था, जिसे 16 जुलाई से घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया और 20 जुलाई से इसे और घटाकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया। मंत्री ने बताया कि टमाटर की कीमतों में वर्तमान वृद्धि किसानों को टमाटर की अधिक फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिससे आने वाले महीनों में कीमतें स्थिर होने की उम्मीद है। चौबे ने आगे कहा कि उपभोक्ता मामला विभाग टमाटर सहित 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं की दैनिक कीमतों की निगरानी करता है। टमाटर की कीमतों में मौजूदा वृद्धि को रोकने और इसे उपभोक्ताओं को सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण निधि के तहत टमाटर की खरीद शुरू कर दी है। सरकार इसे उपभोक्ताओं को अत्यधिक रियायती दर पर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) लगातार आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर खरीद रहे हैं और सब्सिडी देने के बाद इसे दिल्ली-एनसीआर, बिहार और राजस्थान के प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों में किफायती कीमतों पर उपलब्ध करा रहे हैं।

# कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग

**योसु ।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी। यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें जऱा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा। पहले गेम में स्कोर जब 5-5 पर बराबर था तब भारतीय युगल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। जापान ने ब्रेक के बाद वापसी करनी चाही लेकिन सात्विक के स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया।

# अगले सप्ताह एंड्रॉइड डिवाइस पर आएगा चैटजीपीटी : ओपनएआई




**नई दिल्ली ।** सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई ने शनिवार को घोषणा की कि वह आखिरकार अगले सप्ताह एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए चैटजीपीटी नामक अपना लोकप्रिय एआई चैटबॉट लॉन्च करेगा।

मुफ़्त आईओएस ऐप द्वारा आईफोन्स में चैटबॉट लाने के कुछ महीनों बाद एंड्रॉइड ऐप के लिए चैटजीपीटी लॉन्च किया जा रहा है।

कंपनी ने एक ट्वीट में कहा, एंड्रॉइड के लिए चैटजीपीटी की घोषणा! ऐप अगले सप्ताह उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा, और आप आज से गूगल प्ले स्टोर पर प्री-ऑर्डर कर सकते हैं।

एंड्रॉइड पर चैटजीपीटी ऐप कमोबेश आईओएस ऐप के समान है। उपयोगकर्ता सभी डिवाइसों में बातचीत और प्राथमिकताओं को भी सिंक कर सकते हैं।

एंड्रॉइड रोलआउट पहले अमेरिकी उपयोगकर्ताओं के लिए और फिर अन्य देशों में आने की संभावना है, लेकिन कंपनी ने अभी तक योजनाओं का खुलासा नहीं किया है। कोई भी व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर पर प्री-रजिस्टर दबाकर ऐप के लाइव होने पर सूचित होने के लिए साइन अप कर सकता है।

ओपनएआई ने चैटजीपीटी के लिए एक नया अनुकूलित निर्देश फीचर भी पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को भविष्य की बातचीत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) -चैटबॉट के साथ कुछ भी साझा करने की अनुमति देता है।

कंपनी ने कहा, कस्टम निर्देश वर्तमान में प्लस उपयोगकर्ताओं के लिए बीटा में उपलब्ध हैं, और हम जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इसे लागू करने की योजना बना रहे हैं।

उपयोगकर्ता नई बातचीत के लिए किसी भी समय कस्टम निर्देशों को संपादित या हटा सकते हैं। इसके अलावा, उपयोगकर्ताओं के निर्देश साझा लिंक दर्शकों के साथ साझा नहीं किए जाएंगे।

# अमेज़ॅन ने प्रोजेक्ट कुइपर उपग्रहों के लिए 120 मिलियन डॉलर की सुविधा के साथ मस्क को दी टक्कर



**सैन फ्रांसिस्को ।** अमेज़ॅन ने घोषणा की है कि वह अमेरिका में अपने प्रोजेक्ट कुइपर उपग्रहों के लिए 120 मिलियन डॉलर की सुविधा का निर्माण कर रहा है, क्योंकि इसका लक्ष्य एलोन मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स स्टारलिंक का मुकाबला करना है।

कंपनी ने कहा कि प्रोजेक्ट कुइपर अपने पूर्ण उपग्रह समूह को तैनात करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ रहा है। कैनेडी स्पेस सेंटर में स्पेस फ्लोरिडा के लॉन्च और लैंडिंग सुविधा में एक नई उपग्रह-प्रसंस्करण सुविधा पर निर्माण कार्य चल रहा है।

अंतरिक्ष का उपयोग लॉन्च से पहले जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन और यूनाइटेड लॉन्च अलायंस (यूएलए) के रॉकेट के साथ कुइपर उपग्रहों को तैयार करने और एकीकृत करने के लिए किया जाएगा।

कुइपर प्रोडक्शन ऑपरेशंस के उपाध्यक्ष स्टीव मेटायेर ने कहा, हमारे पास अगले साल प्रोजेक्ट कुइपर के पूर्ण पैमाने पर उत्पादन लॉन्च और शुरुआती ग्राहक पायलट शुरू करने की महत्वाकांक्षी योजना है, और यह नई सुविधा हमें उस समयसीमा में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अमेज़ॅन अपने नेटवर्क और सबसिस्टम का परीक्षण करने में मदद करने के लिए आने वाले महीनों में दो प्रोटोटाइप उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है, और 2024 में उत्पादन लॉन्च और शुरुआती उद्यम ग्राहक पायलट शुरू करने की उम्मीद करता है।

प्रोजेक्ट कुइपर इस साल के अंत तक किर्कलैंड, वाशिंगटन में एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा में उपग्रह उत्पादन शुरू कर देगा। अमेज़ॅन ने कहा कि वह सुविधा के लिए नए निर्माण और उच्च मूल्य वाले उपकरणों में 120 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है, और स्पेस कोस्ट पर 50 नई नौकरियां पैदा कर रहा है।

अमेज़ॅन में सार्वजनिक नीति और सामुदायिक सहभागिता के उपाध्यक्ष ब्रायन हसमैन ने कहा, हमें फ्लोरिडा में अपना निवेश जारी रखने और ऐतिहासिक स्पेस कोस्ट समुदाय में शामिल होने पर गर्व है क्योंकि हम प्रोजेक्ट कुइपर, अमेज़ॅन के सैटेलाइट ब्रॉडबैंड नेटवर्क का समर्थन करने के लिए लोगों और सुविधाओं में निवेश करते हैं।

# बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा पुनर्वास के अंतिम चरण में; अभ्यास मैच खेलने के लिए तैयार : बीसीसीआई

**नई दिल्ली ।** बीसीसीआई ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा रिहैब के अंतिम चरण में हैं और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट्स पर पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं, जबकि श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और अधिक महत्वपूर्ण रूप से ऋषभ पंत ने बल्लेबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।

पीठ की चोट के कारण बुमराह ने आखिरी बार सितंबर 2022 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। इस साल मार्च में न्यूजीलैंड में पीठ की सर्जरी के बाद से वह एनसीए में पुनर्वास से गुजर रहे हैं।

दूसरी ओर, प्रसिद्ध स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर हो गए।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, दोनों तेज गेंदबाज अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और नेट्स पर पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। दोनों अब कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे, जिसका आयोजन एनसीए करेगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास मैचों में उनका आकलन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी।

दाएं हाथ के बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के बारे में बीसीसीआई ने कहा है कि उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं।

बयान में आगे कहा गया, उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और वर्तमान में ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से संतुष्ट है और आने वाले दिनों में कौशल और ताकत और कंडीशनिंग दोनों के मामले में अपनी तीव्रता बढ़ाएंगे।

इस बीच, बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत, जो एक दुर्घटना के दौरान चमत्कारिक रूप से बच गए थे, ने अपने पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और नेट्स में बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है।

# कल्कि 2898 एडी रखा गया प्रोजेक्ट के का नाम, भगवान विष्णु बने प्रभास और योद्धा बनीं दीपिका



प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म प्रोजेक्ट के खूब सुर्खियों में है। यह फिल्म कई मायनों में खास है। एक तो इसके जरिए दीपिका पादुकोण और प्रभास की जोड़ी पहली बार दर्शकों के बीच आ रही है, वहीं इसके लिए दीपिका और अमिताभ बच्चन फिर साथ आए हैं, जो पहले पीकू में काम कर चुके हैं। सैन डिएगो में चल रहे कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का नाम और टीजर जारी होने से कई अहम जानकारियों से पर्दा उठ गया।

प्रोजेक्ट के का नाम कल्कि 2898 एडी रखा गया है। इसका पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसे निर्माताओं ने साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। कल्कि 2898 एडी की पहली झलक देख पता चलता है कि इस फिल्म को देख दर्शकों को पहले कभी न देखा गया अनुभव महसूस होगा। दीपिका जहां इसमें योद्धा की तरह लड़ रही हैं, वहीं बुराई के खिलाफ लड़ता प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है।

जब दुनिया में अंधकार छा जाएगा तो एक शक्ति का उदय होगा, टीजर में यही कहा गया है। फिल्म की कहानी एक अंधेरी और विनाशकारी दुनिया के इर्द-गिर्द घूमेगी। यह अब से 800 साल बाद के भविष्य पर आधारित है।

# टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज, जहरा खान ने दिया साथ



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज हो चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इसमें टाइगर की जोड़ी अभिनेत्री सलमा आगा की बेटी जहरा खान के साथ बनी है। लव स्टीरियो अगेन में दोनों सितारों की केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने को प्राकृतिक नजारों की खूबसूरती के बीच फिल्माया गया है। टी-सीरीज द्वारा निर्मित लव स्टीरियो अगेन का निर्देशन मनीष शंटी ने किया है।

टाइगर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर लव स्टीरियो अगेन गाने की एक क्लिप साझा की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे कुछ फेवरेट बीट्स। लव स्टीरियो अगेन गाना रिलीज हो गया है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं। आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका रुका हुआ काम पूरा होगा।

***मिथुन:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको दूरसंचार से कोई शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आर्टस के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपसे कोई मित्र आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे। इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आप बिजनेस को बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके।

***तुला:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाए रखना है। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गई कोई योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कोई खास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। कोई भी इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको कैश के लेन-देन में सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट्स आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनाएंगे। माताएं आज बच्चों को कोई मोरल स्टोरी सुनाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा।

## क्रिस्पी होममेड आलू रिंग्स (चिप्स)



**सामग्री:-**

उबला हुआ आलू : 4, कर्ण फ्लोर/सूजी पाउडर : 1/2 कप, नमक: 1/2 चम्मच, टेस्टिंग नमक: 1/2 चम्मच्र, जीरा पाउडर: 1/2 चम्मच, काली मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच, हल्दी पाउडर: 1/4 चम्मच, तेल: छानने के लिए, आप पढ़ रहे हैं क्रिस्पी होममेड आलू रिंग्स चिप्स इन हिंदी आपको ये भी पसंद आये 1. पान आइसक्रीम कैसे बनाते है? 2. 5 मिनट में बनाने वाली मिठाई स्टेप बाई स्टेप फोटो के साथ

**विधि:-**

1. सबसे पहले आलू को छील कर उसका अच्छे से मिस (पेस्ट) लें।
2. फिर उसमे कर्ण फ्लोर, नमक, टेस्टिंग नमक, जीरा पाउडर, काली मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर डाल लें
3. अब सबको अच्छे से मिलाये। मिलने के बाद ये कुछ ऐसी हो जाएगी
4. अब फर्श पे थोड़ा तेल डाल लें और उसे अच्छे से फैला दें।
5. फिर आलू के आटे में से थोड़ा लें और उसे उँगलियों से फैलाये।
6. ये लगभग हो गया है, ज्यादा पतला नहीं करना है हमे…
7. फिर किसी कोन से या फिर उस साइज़ के किसी ढक्कन से काट देंगे।
8. फिर उसके छोटे वाले कोन से उसके ठीक बीच में काटेंगे।
9. जिससे कि ये गोल होल हो जाये , हमें रिंग्स के लिए बीच वाला भाग चाहिए जो कि निकल गया है।
10. मध्यम ताप में तेल गरम करें और उसमे रिंग्स को डाल दें।
11. 2-3 सेकंड में रिंग्स ऊपर तैरने लगेंगी, उसे मध्यम आंच पे आराम से गोल्डन कलर आने तक पकाएं।
12. और ये लगभग बन कर तैयार हो गयी है, इसे अब हम निकाल लेंगें। और ये फाइनली बनकर तैयार है।

## शब्द सामर्थ्य- 133

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल



## सू-दोकू- 133



नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |